लोक सभा अध्यक्ष ने ईद-उल-फितर की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 17 जुलाई, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने ईद-उल-फितर की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी है ।

अपने सन्देश में, श्रीमती महाजन ने कहाः " मैं देशवासियों को ईद-उल-फितर की पूर्वसंध्या पर बधाई देती हूँ ।

पवित्र रमज़ान माह के आख़िरी दिन मनाए जाने वाला यह त्यौहार भाईचारे, करुणा और सहिष्णुता का सन्देश देता है जो उन सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो मजबूत और सर्व समावेशी भारत के पक्षधर हैं। मैं कामना करती हूँ कि इस साल ईद-उल-फितर इन उच्चादर्शों को और मजबूत करेगा तथा देशवासियों के बीच एकता और सदभाव को बढ़ाएगा ।"